
हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 जून 2026

07 विजयपुर में बदला ताजियों का रूट श्योपुर में अभी चर्चा ...



08 अनेकों लोगों ने संग्रहालय को देखा और आजादी के ...





## खबर संक्षेप

### अवंतीबाई विवि में परीक्षा देने के बाद भी अनुपस्थित

**खुरई।** रानी अवंतीबाई विश्व विद्यालय के तहत छात्रों ने एमए की परीक्षा सेमेस्टर सिस्टम में दी। छात्रों का कहना है कि राजनीति शास्त्र के तृतीय पेपर में परीक्षा देने के बाद भी अंकसूची में उन्हें अनुपस्थित लिखा गया है। जिससे वह सेमेस्टर में पास नहीं हुए हैं। ऐसा तीसरे पेपर में किया गया है। छात्रों ने बताया कि सभी ने यह पेपर दिया था। कॉपी कहां गई, क्यों नहीं जांची गई। इसके बारे में पता नहीं है। अब कॉलेज में बताने पर वह सुधार के लिए आवेदन देने का बोल रहे हैं। छात्रों को क्यों अनुपस्थित दर्शाया यह कोई नहीं बता रहा है। ऐसे में छात्रों का भविष्य अधर में है। छात्रों ने मांग की है कि उनकी अंकसूची में सुधार किया जाए। कॉपी ढूंढकर जांचकर नंबर दिए जाएं।

### नगर पालिका में नए उप यंत्री ने कार्यभार संभाला

**खुरई।** नगर पालिका परिषद में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने दो नए उपयंत्रियों की पदस्थापना की है। सीएमओ राजेश मेहतेले ने बताया कि नए आदेश के तहत अभय राजगीर को लोक निर्माण शाखा के काम सौंपे गए हैं। शिवा मेहरा को स्वास्थ्य शाखा प्रभारी बनाया गया है।उन्हें स्वच्छता अभियान का नोडल अधिकारी भी बनाया है। नगर के लोगों की सुविधा के लिए दोनों अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी किए हैं। स्वच्छता, स्वास्थ्य शाखा, साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, स्वच्छता अभियान से जुड़े मामलों के लिए शिवा मेहरा से 7489023072 पर संपर्क किया जा सकता है। विकास, स्वच्छता, जनसुविधा से जुड़े मामलों में जरूरत पड़ने पर संबंधित अधिकारी से संपर्क करें। समस्याओं के निराकरण में सहयोग करें। नगर पालिका का उद्देश्य बेहतर सेवाएं देना है। विकास और स्वच्छता काम का प्रभावी क्रियान्वयन करना है।

### गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर ठंडी लस्सी बांटी

**खुरई।** नगर के गुरुद्वारा में सिख धर्म के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस श्रद्धा से मनाया। संगत ने गुरु की शहादत को नमन किया। कार्यक्रम में अखंड पाठ साहिब हुआ, कीर्तन दरबार सजा। शहीदी दिवस पर ज्ञानीजी ने अखंड पाठ साहिब संपन्न कराया। इसके बाद कीर्तन दरबार में गुरुवाणी के शबद गाए। श्रद्धालुओं ने गुरु अर्जुन देव के जीवन और शहादत पर बात रखी। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देव ने मानवता, समानता और धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दी। उन्होंने आदि ग्रंथ साहिब का संकलन किया। इससे सिख पंथ को मजबूत आधार मिला। उन्होंने कहा कि उनकी शहादत त्याग, सहनशीलता और परोपकार का संदेश देती है।

अनुपस्थित स्टाफ का 3 दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

# कलेक्टर अचानक पहुंची सीएमएचओ कार्यालय 42 में से 21 अधिकारी व कर्मचारी मिले नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और शासकीय कार्यों में प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में भारी लापरवाही सामने आई, जहां उपस्थिति पंजी देखने पर 42 अधिकारियों व कर्मचारियों में से 21 लोग अनुपस्थित पाए गए। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने सभी अनुपस्थित स्टाफ का तत्काल 3 दिन का वेतन काटने और अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी अमन मिश्रा, सीएमएचओ डॉ. जी.पी. राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और प्रशासनिक स्टाफ उपस्थित था।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सीएमएचओ कार्यालय परिसर का भ्रमण कर वहां संचालित हो रही सभी शाखाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने स्थापना शाखा (जिसमें कर्मचारियों के अवकाश, क्लेम्स और सर्विस बुक आदि का संधारण होता है), लिपिक शाखा तथा नेशनल हेल्थ मिशन यूनिट सहित विभिन्न विभागों की टेबल पर जाकर फाइलों और रिकॉर्ड की स्थिति देखी।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासकीय कर्मचारियों के अवकाश, क्लेम और सर्विस बुक से जुड़े मामलों का निपटारा समय-सीमा में किया जाए, इसमें किसी भी स्तर पर लेटलतीफी न की जाए। इसके साथ ही एनएचएम यूनिट के तहत जिले में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान जब कलेक्टर ने कार्यालय के उपस्थिति रजिस्टर की सघन जांच की, तो स्थिति अत्यंत निराशाजनक मिली। दफ्तर के 42 अधिकारियों-कर्मचारियों में से 21 लोग बिना किसी पूर्व सूचना या स्वीकृत अवकाश के ड्यूटी से नदारद थे। इस घोर लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए कलेक्टर श्रीमती पाल ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को तत्काल 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया जाए और उनका 3 दिन का वेतन काटने की दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### आम जनता को न हो परेशानी

कलेक्टर ने सीएमएचओ को स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य विभाग सीधे तौर पर आम जनता और मरीजों से जुड़ा हुआ है। कार्यालय में आने वाले नागरिकों और दूर-दराज से आने वाले लोगों को किसी भी काम के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने पूरे दफ्तर में साफ-सफाई बनाए रखने, फाइलों का सुव्यवस्थित रखरखाव करने और सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर दफ्तर में उपस्थित रहने की कड़ी हिदायत दी।

## खुरई में सवारियों से भरा ऑटो पेड़ से टकराकर पलटाः एक बुजुर्ग की मौत, सात लोग घायल

**खुरई।** रजवांस रोड स्थित मुढ़िया फार्म के पास गुरुवार रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां सवारियों से खचाखच भरा एक ऑटो बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गया। इस दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मासूम सहित सात लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक घायलों की मदद करने के बजाय उनके मोबाइल फोन लूटकर मौके से फरार हो गया। घायल रामदास अहिरवार ने बताया कि सभी लोग खुरई से बाजार (हाट-बाजार) करके अपने-अपने गांव लौट रहे थे। ऑटो चालक कुंवर सिंह लोधी (निवासी बंगेला) अत्यधिक शराब के नशे में था और लापरवाही से वाहन चला रहा था। एक अन्य घायल हीरालाल अहिरवार के अनुसार, ऑटो में क्षमता से कहीं अधिक करीब 15 लोग सवार थे। जैसे ही ऑटो पलटा और चीख-पुकार मची, चालक वहां पड़े घायल यात्रियों के लगभग 4 से 5 मोबाइल फोन समेटकर रफूचक्कर हो गया। इस हादसे में इमलिया निवासी लक्ष्मी पिता बाबूलाल विश्वकर्मा (76) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, दुर्घटना में सात लोग घायल हुए हैं, जिन्हें डायल 112 की मदद से तुरंत सिविल अस्पताल खरर्ड में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने नगर पालिका के शांति वाहन की मदद से बुजुर्ग के शव को अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया है। पुलिस ने पीड़ित सवारियों के बयानों के आधार पर फरार आरोपी ऑटो चालक कुंवर सिंह लोधी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए तलाश शुरू कर दी है।



## लाड़ली बहना खेल सप्ताह का आयोजन

**गढ़ाकोटा।** कलेक्टर सागर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास सागर के मार्ग दर्शन में लाड़ली बहना खेल महोत्सव का आयोजन विभाग द्वारा दिनांक 14 जून से 21 जून तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सेक्टर एवं केन्द्र स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का अयोजन किया जा रहा है। परियोजना गढ़ाकोटा अंतर्गत बागवान वृद्धाश्रम में लाड़ली बहना खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लाड़ली बहनों द्वारा नारी श्रंखला,म्यूजिकल चेयर,बैलून चैन,खो-खो,डॉन्ट ड्रॉप द बलून, रस्सी कूद आदि खेलों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में लाड़ली बहनों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है। खेल आयोजन में बहनों द्वारा बचपन के खेलों को पुनः खेल कर सुखद अनुभूति का अनुभव किया जा रहा है। आयोजन में परियोजना अधिकारी श्रीमति शीतल पटैरिया,सेक्टर पर्यवेक्षक, स्नेहलता जैन,राजेश्वरी चौबे, बबीता भदौरिया अजीज प्रेम जी फाउन्डेशन के सदस्य लाड़ली बहनें आदि सम्मिलित हो रही है।

# बेटी से अवैध संबंध का विरोध पर किया मर्डरः डांसर के साथी ने ही दबाया था गला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



खुरई देहात थाना पुलिस ने दो महीने पुराने बहुचर्चित डांसर ममता अहिरवार हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। महिला का शव खुरई के सहोद्रा राय वार्ड स्थित उसके सूने मकान में डबल बेड के अंदर सड़ी-गली हालत में मिला था। पुलिस ने इस मामले में मृतका के साथ ही काम करने वाले मुख्य आरोपी सुरेंद्र अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में हत्या की वजह मृतका की बेटी से आरोपी के अवैध संबंध होना सामने आया है।

### 5 अप्रैल से लापता थी मां, बेड में मिला कीड़े पड़ा शव

मृतका ममता अहिरवार के बेटे और बेटी ने 11 अप्रैल को देहात थाने में मां की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि वे अपनी बड़ी बहन के घर गंजबासौदा गए हुए थे और 5 अप्रैल से उनकी मां का मोबाइल बंद था। जब बच्चे घर लौटे तो बाहर ताला लटका मिला। पुलिस की मौजूदगी में जब ताला तोड़ा गया, तो घर के भीतर से भारी बदबू आ रही थी। तलाश करने पर ममता का शव डबल बेड के दीवान में छिपा हुआ मिला, जिसमें कीड़े पड़ चुके थे।

### करीला से लौटने के बाद की वारदात

देहात थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि ममता अहिरवार नाचने-गाने का काम करती थीं और आरोपी सुरेंद्र उनके लिए ग्राहक ढूंढने व बुकिंग का काम संभालता था। बीती 1 अप्रैल को ममता आरोपी सुरेंद्र को अपने साथ लेकर करीला मेले भी गई थीं। वहां से दोनों 4 अप्रैल को खुरई लौटे। इसके अगले दिन यानी 5 अप्रैल की रात को उनके बीच विवाद हुआ और आरोपी ने वारदात को अंजाम देकर शव छिपा दिया और बाहर से ताला लगाकर भाग निकला।

### बेटी से रिश्तों का विरोध करने पर घोंटा गला

पुलिस की कड़ाई से की गई पूछताछ में आरोपी सुरेंद्र ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। जांच में सामने आया कि सुरेंद्र के मृतका की बेटी के साथ भी अवैध संबंध बन गए थे। जब इस बात की भनक ममता को लगी, तो घटना की रात दोनों के बीच इस बात को लेकर तीखा विवाद हुआ।

गुस्से में आकर सुरेंद्र ने हाथ से ममता का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### युवा संगम का आयोजन 22 को किया जाएगा

**सागर।** युवाओं को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 22 जनू को सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के परिसर सागर में प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है।

## अधीक्षण अभियंता ने चल रहे मेन्टेनेंस कार्यो का किया निरीक्षण

सागर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सागर वृत्त की अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर ने राहतगढ शहर एवं राहतगढ ग्रामीण वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होनें निर्देशित किया कि 30 जून तक विद्युत बिलो की राशि शत-प्रतिशत वसूलें, घरेलू उपभोक्तओं की 100 प्रतिशत वसूली करें । कार्य योजना बनाकर बकाया राशि शून्य करने एवं पेइंग काउंट बढाने हेतु निर्देशित किया गया। गत वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक राजस्व वसूली करने हेतु निर्देश दिए साथ ही पोर्टल में शटडाउन एवं ब्रेकडाउन की सभी एंट्री करने हेतु निर्देशित किया गया एवं 20 प्रतिशत ट्रांसफार्मर मेन्टेनेंस कर पोर्टल पर एंट्री करने के निर्देश दिए। तदोपरांत उन्होने 33/11 केव्ही. उपकेन्द्र राहतगढ का भी निरीक्षण किया, इस दौरान लाईन संबंधित, सभी फीडरो की जानकारी, विजिट रजिस्टर, ट्रिपिंग रजिस्टर एवं अन्य रजिस्टर प्रतिदिन कम्पलीट करने हेतु निर्देशित किया, साथ ही सभी स्टाफ को सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते हुए ही कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। अधीक्षण अभियंता द्वारा भ्रमण के दौरान भापेल वितरण केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया इस दौरान प्रोग्रामर अमित पोरवाल भी उनके साथ थे। उल्लेखनीय है ऊर्जा मंत्री म.प्र. शासन द्वारा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की समीक्षा बैठक में दिए निर्देशानुसार एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी म.प्र. शासन ऊर्जा विभाग, मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) जबलपुर एवं मुख्य अभियंता (सागर क्षेत्र) के आदेशानुसार समीक्षा बैठक प्रतिवेदन के बिन्दु क्रमांक 16 के परिपालन में फील्ड मे चल रहे मेन्टेनेंस कार्यो के संबंध में अधीक्षण अभियंता द्वारा लगातार पूरे जिले में निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है।

# शहर युवा कांग्रेस ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन, 22 यूनिट ब्लड हुआ एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के मार्गदर्शन में शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय, सागर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर कार्यक्रम का नेतृत्व शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर युवा कांग्रेस के साथियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता करते हुए कुल 22 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया। जिला शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है तथा एक यूनिट रक्त कई लोगों के जीवन को बचाने में सहायक बन सकता है। युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सागर साहू ने कहा जन्मदिवस जैसे अवसरों को केवल उत्सव तक सीमित न रखते हुए समाजहित के कार्यों से जोड़ना अधिक सार्थक है। रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुँचाने का प्रयास किया गया है और भविष्य में भी युवा कांग्रेस ऐसे जनसेवा कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा युवा कांग्रेस हमेशा सामाजिक सरोकारों एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है और आगे भी इसी भावना के साथ कार्य करती रहेगी। अमित रामजी दुबे ने कहा युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सह भागिता करते हुए 22 यूनिट रक्तदान किया। पूर्व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य मानव सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जरूरतमंदों की सहायता के प्रति युवाओं को प्रेरित करना रहा।

रक्तदान करने वाले संगठन महासचिव रामकुमार पचौरी, युवा कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल, वीरेंद्र राजे, जितेंद्र चौधरी, युवा चक्रेश रोहित अहिरवार, सागर साहू, आई टी सेल नीलेश अहिर वार, आनंद अहिरवार, जैद खान, पीयूष अवस्थी, दीपक कुर्मी, सुरेश पंजवानी, शहजाद निहारिया, सिकंदर राईन, अर्चना कनोजिया, प्रशांत सोनी, गोपाल प्रजापति, विक्रम सिंह, अभिषेक जाटव, अरविंद लोधी, अंकित साहू आदि ने राहुल गांधी के जन्मदिन उपलक्ष्य पर इन सभी युवा कांग्रेस के साथियों के साथ सेवादल, एएसयूआई, महिला कांग्रेस के अधिक से अधिक लोगों ने ने रक्तदान किया।

आईटी पार्क और सिल्वर क्लस्टर जैसे बहुउपयोगी प्रोजेक्ट्स विकसित करने पर हुई विस्तृत चर्चा

# विधायक शैलेन्द्र जैन और कलेक्टर प्रतिभा पाल ने खुरई रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया का किया संयुक्त निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर के नियोजित विकास और औद्योगिक क्षेत्रों के पुनरुद्धार की दिशा में आज विधायक शैलेन्द्र जैन एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल ने खुरई रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों के साथ नक्शे के माध्यम से क्षेत्र की शासकीय भूमि और जर्जर अधोसंरचना की बिंदुवार समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त एवं सागर स्मार्ट सिटी के सीईओ राजकुमार खत्री, अनुविभागीय अधिकारी श अमन मिश्रा, जीएम डीआईसी मंदाकिनी पांडे सहित अन्य अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### 70 हजार वर्ग फीट के जर्जर क्षेत्र को नया रूप देने की तैयारी

समीक्षा के दौरान बताया गया कि खुरई रोड इंडस्ट्रियल एरिया में मुख्य मार्ग से लगी लगभग 70 हजार वर्ग फीट भूमि पर मार्कफेड के पुराने गोदाम, पुराना वृद्धाश्रम और लंबे समय से बंद पड़ी फैक्ट्रियों के जर्जर भवन व खाली प्लॉट स्थित हैं। इस बेशकीमती शासकीय भूमि को पुनः उपयोगी बनाने और शहर हित में इसके विकास के लिए प्रोजेक्ट्स स्थापित करने पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

निरीक्षण के दौरान विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि पुराने वृद्धाश्रम और उससे लगे जर्जर भवनों व खाली प्लॉट की करीब 34 हजार वर्ग फीट भूमि विभिन्न विकास कार्यों और निर्माण के लिए बेहद उपयुक्त है। उन्होंने बताया कि पूर्व में सागर को दो अत्याधुनिक ऑडिटोरियम की सौगात मिली थी, जिनमें से एक तिली चौराहे पर निर्माणाधीन है। दूसरे ऑडिटोरियम के लिए यहां अनुकूलताएं तलाशी जा रहीं हैं। जिससे इस क्षेत्र के नागरिकों को सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों के लिए एक बेहतरीन सुविधा मिल सकेगी।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने उद्योग विभाग के अधिकारियों से उक्त क्षेत्र की समस्त शासकीय भूमि का रिकॉर्ड तलब किया। उन्होंने मार्कफेड के 4 भवनों, 2 प्राइवेट इंडस्ट्रीज के जर्जर ढांचों, शासकीय प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र के अनुपयोगी भवनों और कन्या छात्रावास की भूमि की 'गूगल अर्थ' के माध्यम से तत्काल डिजिटल मैपिंग कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर पाल ने कहा कि खुरई रोड स्थित यह पूरी बेल्ट मुख्य मार्ग से जुड़ी होने के कारण बेहद महत्वपूर्ण है और यहां धुनिक उपक्रम स्थापित करना बेहतर विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो शहरों की तर्ज पर अब सागर जैसे तेजी से बढ़ते शहरों में भी आईटी पार्क विकसित करने की योजना है। चूंकि आईटी सेक्टर एक सर्विस-बेस्ड हब होता है, इसलिए शहर के नजदीक होने से युवाओं को रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे।



## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2026 -27 /25 **सूचना** सागर दिनांक 16/06/26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.न./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/ वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 461 26/27 | बाधराज | रजि. बैनामा शपथ पत्र | विनय कुमार पिता स्व. संतोष कुमार एवं रिमझिम पति विनय कुमार सोनी | वंदना पति सुशील चौरसिया |
| 462 26/27 | कटरा | रजि. वसीयत शपथ पत्र | स्व. सुशीला पति स्व. हरिशंकर केशरवानी | 1- अनमोल, अनुराग दोनों पिता राजकुमार केशरवानी 2- अरमान पिता श्रीकांत केशरवानी 3- श्रीकांत पिता स्व. हरि शंकर केशरवानी |
| 463 26/27 | कटरा | रजि वसीयत शपथ पत्र | स्व. सुशीला पति स्व. हरिशंकर केशरवानी | 1- अनमोल, अनुराग दोनों पिता राजकुमार केशरवानी 2- अरमान पिता श्रीकांत केशरवानी 3- श्रीकांत पिता स्व. हरि शंकर केशरवानी |
| 464 26/27 | कटरा | रजि वसीयत शपथ पत्र | स्व. सुशीला पति स्व. हरिशंकर केशरवानी | 1- अनमोल, अनुराग दोनों पिता राजकुमार केशरवानी 2- अरमान पिता श्रीकांत केशरवानी 3- श्रीकांत पिता स्व. हरि शंकर केशरवानी |
| 465 26/27 | कटरा | रजि वसीयत शपथ पत्र | स्व. सुशीला पति स्व. हरिशंकर केशरवानी | 1- अनमोल, अनुराग दोनों पिता राजकुमार केशरवानी 2- अरमान पिता श्रीकांत केशरवानी 3- श्रीकांत पिता स्व. हरि शंकर केशरवानी |
| 466 26/27 | तिली | रजि बैनामा शपथ पत्र | मनीबाई पति नरेंद्र कुमार जैन | राजकुमार पिता विजय कुमार एवं पुष्पा पति विजय कुमार केशरवानी |
| 467 26/27 | तिली | रजि बैनामा शपथ पत्र | राजकुमार पिता तुलसीराम पटैल | दीपक कुमार पिता प्रकाशचंद्र जैन बड़कुल |
| 468 26/27 | तिली | रजि बैनामा शपथ पत्र | राजकुमार पिता तुलसीराम पटैल | छाया पति दीपक कुमार जैन बड़कुल |
| 469 26/27 | तिली | रजि बैनामा शपथ पत्र | खेन्द्र कुमार पिता प्रेम नारायण एवं प्रमिला पति खेन्द्र कुमार सोनी | प्रदीप पिता जी. बी. सराफ |
| 470 26/27 | सुभाषनगर | रजि बैनामा शपथ पत्र | विट्ठलभाई पिता रामजी भाई पटैल | यशवंत पिता ईश्वरलाल पटेल |

आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर

## कलेक्टर श्रोत्रिय के प्रयासों से मिला प्राचीन धरोहरों का लिखित खजाना

# मात्र 2 दिन में ही मिलीं 520 प्राचीन पांडुलिपियां 400 से 600 वर्ष पुराने शिलालेख भी सामने आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






राष्ट्रीय महत्व के ज्ञान भारतम मिशन के तहत जिले की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने की मुहिम में टीकमगढ़ ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की विशेष रणनीति और दूरस्थ क्षेत्रों तक चलाए गए जनसंपर्क अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। महज दो दिनों में जिले में रिकॉर्ड 520 प्राचीन पांडुलिपियों और शिलालेखों का पंजीकरण किया गया है।

कलेक्टर श्रोत्रिय की पहल पर वरिष्ठ नागरिकों, शिक्षाविदों, सामाजिक संस्थाओं और प्राचीन मंदिरों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। अभियान के प्रभारी अनुपम दीक्षित, जिला लाइब्रेरियन वी.के. मेहरा और जिला पंचायत के जिला समन्वयक मनीष जैन के संयुक्त दल ने गुदनवारा, पठा, माड़मर, अजनौर, बड़ागांव, दरगुवां और खरगापुर क्षेत्रों का भ्रमण कर प्राचीन धरोहरों की खोज की और उनका ज्ञान भारतम एप पर पंजीकरण कराया। पहले दिन खरगापुर जैन मंदिर से 121, दरगुवां अतिशय जैन क्षेत्र से 107, अजनौर जैन मंदिर से 25, बड़ागांव फलहोड़ी जैन मंदिर से 13 और गुदनवारा में व्यक्तिगत संग्रह से चार अमूल्य पांडुलिपियां दर्ज की गईं। दूसरे दिन जिला मुख्यालय स्थित माझ पंचायती जैन मंदिर से अकेले 247 पांडुलिपियों का पंजीकरण हुआ, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड माना जा रहा है। अभियान के दौरान माड़मर स्थित सुनहरा तालाब के समीप तीन प्राचीन शिलालेख भी मिले हैं। जानकारों के अनुसार ये सती स्तंभ हैं, जो 14वीं से 16वीं शताब्दी के बीच के प्रतीत होते हैं और इनकी आयु लगभग 400 से 600 वर्ष आंकी जा रही है। ज्ञान भारतम मिशन के प्रचार-प्रसार का असर यह है कि अब आम लोग भी इस अभियान से जुड़ने लगे हैं। गुदनवारा निवासी क्षत्रपाल सिंह सोलंकी ने स्वयं जिला प्रशासन से संपर्क कर अपने दिवंगत पिता जोध सिंह सोलंकी द्वारा संरक्षित चार प्राचीन पांडुलिपियां प्रशासन को सौंप दीं। उनके संग्रह में वर्ष 1961 में प्रकाशित रूसी दार्शनिक प्रिंस पीटर क्रोपोटकिन की पुस्तक म्यूचुअल ऐड का हिंदी अनुवाद संघर्ष नहीं सहयोग, पुरानी साहित्यिक पुस्तकें तथा निजी यात्रा वृत्तांतों से भरी डायरी भी मिली। जिला प्रशासन के अनुसार 17 जून तक जिले में कुल 815 पांडुलिपियों का पंजीकरण हो चुका है। इनमें सार्वजनिक संस्थाओं और जिला पुस्तकालय से 78, जैन मंदिरों से 469 तथा व्यक्तिगत संग्रहों से 21 पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से 482 पांडुलिपियों को आधिकारिक स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि 330 आवेदनों की जांच प्रक्रिया जारी है और केवल तीन आवेदन नियमों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर निरस्त किए गए हैं। मिशन प्रभारी अनुपम दीक्षित ने बताया कि दरगुवां में अत्यंत समृद्ध और व्यवस्थित पुस्तकालय मिला है, जबकि खरगापुर और माझ जैन मंदिरों में प्राप्त पांडुलिपियां अत्यंत प्राचीन हैं और इनके संरक्षण की तत्काल आवश्यकता है। खरगापुर में ज्योतिष की एक दुर्लभ पांडुलिपि मिली है, जिसमें एक विशेष पांसा भी संलग्न है, जिसका उपयोग पुस्तक को पढ़ने में किया जाता था। वहीं माझ जैन मंदिर में अत्यंत प्राचीन नक्शे और यंत्र प्राप्त हुए हैं, जो जिले की समृद्ध बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रमाण हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि दूरस्थ अंचलों में बिखरी इस ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर को ज्ञान भारतम एप के माध्यम से पंजीकृत कर टीकमगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना प्राथमिकता है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्थानीय प्रबुद्धजनों, युवाओं, साहित्यकारों और सामाजिक संस्थाओं से इस विरासत संरक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील की है।

## अब हाईटेक होगी विवेचना, मिले अत्याधुनिक टेबलेट

# आधुनिक संसाधनों का प्रभावी उपयोग अपराध अनुसंधान को देगा एक नई दिशाः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



अपराध अनुसंधान को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के विवेचना अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए 78 अत्याधुनिक टेबलेट वितरित किए।

इस पहल का उद्देश्य विवेचना कार्य में डिजिटल तकनीक का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करते हुए अपराध जांच की गति और गुणवत्ता में सुधार लाना है। टेबलेट के माध्यम से विवेचक अब घटनास्थल से ही आवश्यक सूचनाओं का संकलन, डेटा एंट्री, ई-साक्ष्यों का संग्रहण तथा विभिन्न ऑनलाइन प्रक्रियाओं को अधिक सहज और त्वरित ढंग से पूरा कर सकेंगे। टेबलेट वितरण से पूर्व जिले के 78 विवेचकों को सीसीटीएनएस क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स एवं टेबलेट संचालन संबंधी विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सीसीटीएनएस टीम ने ई-साक्ष्य संकलन, अपराध विवेचना के विभिन्न चरणों में की जाने वाली आवश्यक कार्रवाई, डिजिटल दस्तावेजीकरण तथा सीसीटीएनएस और टेबलेट के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रियाओं के संचालन का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित होकर प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त किया और तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पुलिसिंग तेजी से तकनीक आधारित हो रही है और आधुनिक संसाधनों का प्रभावी उपयोग अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता को नई दिशा देगा। इससे विवेचना में पारदर्शिता बढ़ेगी, साक्ष्यों का बेहतर प्रबंधन होगा और आमजन को त्वरित एवं बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने विवेचकों से तकनीकी उपकरणों के उपयोग में सावधानी, डेटा सुरक्षा और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि डिजिटल पुलिसिंग के माध्यम से कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, सीसीटीएनएस प्रभारी सुनील प्रजापति सहित जिले के विवेचक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। टीकमगढ़ पुलिस ने डिजिटल विवेचना की दिशा में नई शुरुआत की है, जिससे अपराध जांच में गति, सटीकता और पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है।

# युवा वर्ग ही संगठन की सबसे बड़ी शक्तिः श्याम टेलर

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत, युवाओं को दिया राष्ट्र निर्माण का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के जिला प्रवास पर युवा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। रानीगंज तिगैला से लेकर खिरिया नाका तक विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी, पुष्पवर्षा और नारों के बीच उनका स्वागत किया गया। जिले में उनके आगमन को लेकर युवा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। भाजपा कार्यालय में आयोजित युवा संवाद, जिला बैठक एवं इनफ्लुएंसर मीट कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष इंजीनियर अभय प्रताप सिंह यादव, महामंत्री मनोज देवलिया एवं अश्वनी चढ़ार, उपाध्यक्ष प्रजातंत्र गंगेले, अंकित तोमर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिले में श्याम टेलर का स्वागत रानीगंज तिगैला, बम्होरी खास, कारी तिगैला, अनंतपुरा स्वागत द्वार, महावीर स्कूल, कलेक्ट्रेट चौराहा, चकरा तिगैला, होटल गिरी पैलेस, गृहस्थी तिराहा, अस्पताल चौराहा, रेस्ट हाउस, गौरव रेस्टोरेंट, नवीन भाजपा कार्यालय, गांधी चौराहा, नीमखेड़ा और खिरिया नाका सहित अनेक स्थानों पर किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर पुष्पवर्षा के माध्यम से उनका अभिनंदन किया। प्रवास के दौरान श्याम टेलर ने वरिष्ठ नागरिक सनत कुमार जैन का सम्मान किया। इसके अलावा कृषि कॉलोनी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया तथा बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ कुंडेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। भाजपा कार्यालय में आयोजित इनफ्लुएंसर मीट में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स के साथ संवाद किया गया। इस दौरान नई पीढ़ी के लिए सकारात्मक, रचनात्मक और राष्ट्रहित से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। युवा संवाद एवं जिला बैठक की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को भाजयुमो जिलाध्यक्ष इंजीनियर अभय प्रताप सिंह यादव द्वारा कुंडेश्वर महादेव का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि युवा वर्ग किसी भी संगठन की सबसे बड़ी शक्ति होता है और भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं को सकारात्मक एवं राष्ट्रहित की दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इंटर्नशिप, स्टार्टअप और युवा उद्यमी जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की नई राह दी है, जिससे नए रोजगारों का भी सृजन हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत का युवा वर्ग भविष्य में विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक लाख युवाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## मुखबिर की सूचना पर बुड़ेरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, भेजा गया जेल

# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




महिला एवं बाल अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना बुड़ेरा पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार थाना बुड़ेरा क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध घर में घुसकर छेड़छाड़ करने तथा लैंगिक अपराध से संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई।

विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने लगातार दबिश और मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखा। इसी क्रम में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 18 जून को आरोपी जितेंद्र अहिरवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि महिला एवं बाल अपराधों के प्रति टीकमगढ़ पुलिस पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इस प्रकार के अपराधों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बुड़ेरा उपनिरीक्षक बृजेन्द्र सिंह घोसी, सहायक उपनिरीक्षक चुननलाल समुद्रे, प्रधान आरक्षक मुनालाल प्रजापति, प्रधान आरक्षक अमरनाथ, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, आरक्षक ऋषि प्रताप, आरक्षक चन्द्रभान राजपूत, आरक्षक राहुल समाधिया एवं आरक्षक पन्नालाल प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही।

## चोरी के सामान समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

# छत के रास्ते घर में घुसे चोरों के कारनामों का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और चोरी की घटनाओं के त्वरित खुलासे के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना देहात पुलिस ने एक चोरी के मामले का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया चांदी का सामान बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने, मुखबिर तंत्र को सुदृढ़ करने तथा अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में थाना देहात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात का सफल खुलासा किया। पुलिस के अनुसार 16 जून को फरियादिया अंजुलता अहिरवार ने थाना देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके मकान से लगभग 150 ग्राम वजन के चांदी के आभूषण चोरी हो गए हैं। शिकायत के आधार पर थाना देहात में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही आमिर खान उर्फ बिट्टू निवासी टीकमगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपने साथियों हीरालाल उर्फ पंडा रैकवार एवं दीपक सेन दोनों निवासी टीकमगढ़ के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 12 जून की रात वैशाली नगर कॉलोनी स्थित मकान के बाहर ताला लगा होने के कारण वे छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और वहां रखे चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया चांदी का सामान बरामद कर लिया है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव सहित थाना देहात पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण

# अनुशासन, प्रशिक्षण, तत्परता ही सशक्त पुलिसिंग की पहचानः मनोहर सिंह मंडलोई

## बलवा नियंत्रण ड्रिल से परखी गई पुलिस की ताकत, उत्कृष्ट जवान हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने और पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाइन में भव्य जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने परेड की सलामी लेकर पुलिस बल की अनुशासनात्मक एवं व्यावसायिक दक्षता का निरीक्षण किया।

जनरल परेड में जिला मुख्यालय पर पदस्थ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान के नेतृत्व में विभिन्न प्लाटूनों ने आकर्षक स्क्वाड ड्रिल का प्रदर्शन किया। परेड के दौरान जवानों ने उत्कृष्ट अनुशासन, समन्वय और प्रशिक्षण स्तर का परिचय देते हुए अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने परेड का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए जवानों के टर्नआउट, अनुशासन, सजगता और कार्यदक्षता का मूल्यांकन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन और आदर्श टर्नआउट प्रस्तुत करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि नियमित प्रशिक्षण और परेड पुलिस बल की पेशेवर क्षमता को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं तथा अनुशासित और प्रशिक्षित पुलिस बल ही प्रभावी कानून-व्यवस्था एवं गुणवत्तापूर्ण जनसेवा सुनिश्चित कर सकता है।जनरल परेड के साथ ही पुलिस बल को विशेष बलवा नियंत्रण प्रशिक्षण भी दिया गया। बलवा ड्रिल के दौरान जुलूस पार्टी, रायफल पार्टी और अन्य विशेष दलों ने भीड़ नियंत्रण, पत्थरबाजी की स्थिति से निपटने और संवेदनशील परिस्थितियों में रणनीतिक कार्रवाई का अभ्यास किया। जवानों ने बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट और अन्य सुरक्षा उपकरणों के साथ निर्धारित मानकों के अनुरूप बलवा नियंत्रण की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई स्वयं प्रशिक्षण स्थल पर मौजूद रहे और उन्होंने जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने जिले में संचालित शासकीय पुलिस वाहनों और उपलब्ध संसाधनों का भी विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान वाहनों में लगे सायरन, इंडिकेटर, वायरलेस सेट, बलवा नियंत्रण उपकरण, टियर गैस, सुरक्षा सामग्री और टूल किट सहित अन्य संसाधनों की उपलब्धता और कार्यशीलता की जांच की गई।

### महारानी गणेश कुंवरी की प्रतिमा व पाठ्यक्रम में छत्रसाल शामिल करने की मांग





**टीकमगढ़।** बुंदेलखंड के गौरव एवं वीर योद्धा महाराजा छत्रसाल जूदेव की जन्म जयंती के अवसर पर उनकी जन्मस्थली मोर पहाड़िया में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय महाराजा छत्रसाल प्रेरणा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बुंदेला (तालबेहट) एवं राष्ट्रीय सचिव रविंद्र सिंह धंधेरे, ग्राम महेवा द्वारा अपनी टीम के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोगों ने भाग लेकर महाराजा छत्रसाल जूदेव को श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनकी जयंती उत्साहपूर्वक मनाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह चौहान (ललितपुर), राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एवं प्रभारी सुषमा सिंह बुंदेला, जिला सचिव भावना राजे, रोजगार प्रमुख सरोज राजे परमार सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने महाराजा छत्रसाल के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने उनके विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने ओरछा में निर्माणाधीन राजाराम लोक में महारानी गणेश कुंवरी की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि महारानी गणेश कुंवरी ने अयोध्या से भगवान श्रीराम को ओरछा लाकर स्थापित किया, जिसके कारण आज ओरछा को भगवान राजा राम की नगरी के रूप में विशेष पहचान मिली है। प्रस्तावित प्रतिमा में महारानी गणेश कुंवरी की गोद में बाल स्वरूप भगवान श्रीराम को दर्शाने की मांग की गई, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके ऐतिहासिक एवं धार्मिक योगदान से परिचित हो सकें। बैठक में यह भी मांग उठी कि विद्यालय एवं महाविद्यालय की पाठ्यपुस्तकों में महाराजा छत्रसाल के जीवन, संघर्ष, वीरता और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को समुचित स्थान दिया जाए। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार अन्य राज्यों में महान योद्धाओं के इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है, उसी प्रकार बुंदेलखंड के गौरव महाराजा छत्रसाल के इतिहास को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाना चाहिए। समिति पदाधिकारियों ने शासन एवं प्रशासन को ज्ञापन सौंपने तथा व्यापक जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय भी लिया।

## 15 जुलाई से पहले हर वार्ड तक पहुंचेगी दवा, वार्ड 9 और 10 में विशेष सफाई अभियान

# फाइलेरिया के खिलाफ एसडीएम के नेतृत्व में बड़ागांव अलर्टमोड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से बड़ागांव धसान में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं संस्कृति मुदित लिटौरिया की अध्यक्षता में नगर परिषद बड़ागांव धसान के सभा कक्ष में ब्लॉक टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना तय की गई।

बैठक में एसडीएम मुदित लिटौरिया ने फोकल एमडीए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत स्थानीय स्तर पर फाइलेरिया रोधी सामूहिक दवा सेवन अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह जनभागीदारी और विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से ही संभव है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नगर परिषद बड़ागांव के कर्मचारी संयुक्त रूप से 15 जुलाई के पूर्व नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों में घर-घर पहुंचकर डीईसी डाइएथाइल कार्बामाजीन, एलबेंडाजोल और आईवरमैक्टिन दवाओं की एक-एक खुराक का सेवन कराना सुनिश्चित करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सामूहिक दवा सेवन अभियान का उद्देश्य फाइलेरिया संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ना और बीमारी के प्रसार को रोकना है। बैठक में यह भी सामने आया कि नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 और 10 फाइलेरिया की दृष्टि से अधिक प्रभावित हैं। इसे देखते हुए इन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। नगर परिषद को निर्देश दिए गए हैं कि इन वार्डों में नालियों की नियमित सफाई, जलभराव की रोकथाम तथा आवश्यकतानुसार दवा एवं कीटनाशकों का छिड़काव प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके और संक्रमण के खतरे को कम किया जा सके। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी एच.एम. रावत ने फाइलेरिया की रोकथाम, लक्षणों एवं दवा सेवन के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सामूहिक दवा सेवन अभियान में प्रत्येक पात्र व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से दवा सेवन को लेकर किसी प्रकार की भ्रांति में न आने और स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करने की अपील की। बैठक में तहसीलदार बड़ागांव पलक जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदम जैन, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शांतनु दीक्षित, स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम अरविंद खरे, बीसीएम संतोष चतुर्वेदी, एमआई, स्थानीय पटवारी, नगर परिषद के समस्त कर्मचारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देकर प्रत्येक नागरिक तक दवा पहुंचाने और स्वच्छता संबंधी उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी विभाग मिलकर कार्य करेंगे, ताकि बड़ागांव धसान को फाइलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

राष्ट्रपति के दौरे के चलते सेंसिटिव से नार्मल होते होते रह गया ताजिया

# विजयपुर में बदला ताजियों का रूट श्योपुर में अभी चर्चा का ही इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्यप्रदेश में श्योपुर जिले को मेप में सेंसिटिव चिन्हित कर दिखाया गया है. शांति सद्भाव के इस टापू पर प्रदेश के मेप में लाल बिंदु अंकित होना शर्म की बात है. और यह कलंक सिर्फ ताजियों के त्यौहार के कारण जिले के माथे पर लगा हुआ है. ताजियों का जुलूस ऐसे धार्मिक स्थल (टोड़ी गणेश मंदिर) के सामने से होकर गुजरता है जहां पर हमेशा तनाव की स्थिति निर्मित देखी जाती है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने कई बार दोनों समुदायों की बैठक आयोजित कराकर बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया लेकिन बात बनी नहीं हर बार भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ताजियो का जुलूस टोडी गणेश मंदिर के सामने से निकाला जाता है जिसमें कई जिलों के थानों की पुलिस बुलानी पड़ती है. ऐसी तनावपूर्ण स्थिति को खत्म करने के उद्देश्य से प्रशासन गंभीरता से काम कर रहा था और आने वाले समय में ताजियों का रूट सहमति से बदलने का निर्णय लिया जा सकता था लेकिन राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए व्यवस्था में उलझे प्रशासन को ताजियादारों के साथ बैठक करने समय नहीं मिला जिससे ताजियो का रूट बदलने पर चर्चा ही नहीं हो सकी. लेकिन विजयपुर में ताजिया का रूट बदलने के लिए मुस्लिम समाज ने अनुकरणीय पहल कर डाली. विजयपुर में इस बार मुस्लिम समाज ताजियो को परंपरागत रूट सकरी गलियों बस्ती से होने के बजाय खुले मैदान चौड़े रास्ते से होकर गुजारेगा. इसके लिए विधिवत रूप से एसडीएम को लिखित में नए रूट से ताजिए निकालने की सहमति देने और स्वीकृति मांगने के लिए आवेदन दिया है. जिस काम को श्योपुर शहर के मुस्लिम समाज को करने का बीड़ा उठाना चाहिए था उसे विजयपुर वासियों ने पूरा कर दिया है अब देखते हैं कि मुस्लिम समाज विजयपुर के मुसलमानो के द्वारा लिए गए समझदारी के फैसले का अनुसरण करता है या फिर परंपरागत पुराने रूट से ही ताजिए निकलता है।



### बड़ा इमामबाड़ा पंचायत ने बदला रूट

ताजियों को गणेश मंदिर के सामने से निकालकर समाज को तनावपूर्ण स्थिति में डालने से बचाने के उद्देश्य से बड़ा इमामबाड़ा पंचायत में बीते 5 साल पहले ही निर्णय लिया था कि वह गणेश बाजार से अपना ताजिया लेकर नहीं जाएगा तब से ही बड़ा इमामबाड़ा पंचायत का ताजिया ब्राह्मणपाड़ा से बड़ा इमामबाड़ा से होता हुआ कर्बला घाट जाता है . बडा इमामबाड़ा पंचायत का रूट बदलने का निर्णय सिर्फ धार्मिक स्थल के आगे तनावपूर्ण स्थिति को खत्म करने को लेकर ही नहीं है बल्कि गणेश मंदिर के पीछे जो संकरी गली है वहां से ताजियों को निकालना और भीड़ की स्थिति में कभी भी गंभीर दुर्घटना घटित होने जैसी संभावना को खत्म करने के उद्देश्य से भी यह निर्णय लिया गया है. ज्ञात हो कि गणेश मंदिर के पीछे जहां से ताजिए निकाले जाते हैं वहां से बड़े इमामबाड़ा तक इतनी सकरी गली हैं कि लोगों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है और चोरी जेब कटी महिलाओं बच्चियों के साथ छेड़खानी जैसी घटनाएं होने कि शिकायत भी मिलती रहती थी।

### 26 को निकालेंगे ताजिए

बता दे कि गुजरे बुधवार को मुहर्रम की पहली तारीख हो चुकी है इस हिसाब से हजरत इमाम हुसैन रदी. की शहादत यौम ए आशूरा 26 जून को मनाया जाएगा। इस दिन जिले भर में ताजियो का जुलूस निकाले जायेंगे. इससे पहले मोहर्रम की 7 तारीख़ (23 जून) को अलम-निशानो की परम्परागत दौड़ आयोजित होगी जो जिला मुख्यालय पर विशेष आकर्षण का केंद्र रहती है. 26 जून को दिन में ताजियो का जुलूस निकालने के बाद शाम को ताजिए क़र्बला में दफनाए जायेंगे. इससे पहले 25 जून की रात ताजिए गस्त पर निकलेंगे।

### यहां से निकलेंगे विजयपुर में ताजिए

मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को विजयपुर की जामा मस्जिद में जुमा की नमाज के बाद बैठक करते हुए ताजियो को निकाले जाने पर चर्चा हुई जिसमें पुराने रूट ऊपर का बाजार (गाँधी बाजार) वाले रास्ते को भीड़भाड़ की वजह से बदलने पर सहमती बनी. अब ताजिए इमामबाडे से गांधी चौक, बसस्टैण्ड से बाईपास रास्ते (हरिजन बस्ती) मार्ग से शिवपुरी रोड होते हुये वापिस गाँधी चौक एवं अन्त मे कर्बला जाएंगे।

### इनका कहना है...

ताजियों का रूट बदलने को लेकर अफसरों से चर्चा तो चलती रहती हैं. हालांकि हमने तो 5 साल पहले ही रूट बदल दिया था और ताजिएदार भी तैयार दिखाई दे रहे थे लेकिन राष्ट्रपति के दौरे के चलते प्रशासन के साथ बैठक नहीं हो सकी. हम गणेश बाजार के पीछे सकरी गली से ताजिया निकालने में आने वाली परेशानी समझने और तनाव कम करने की अपील सभी ताजदारों से कई बार कर भी चुके हैं।

**बुंदू खा पठान**
**सरपंच बड़ा इमामबाड़ा**

जुमा की नमाज के बाद मस्जिद में एकत्रित हुए मुस्लिम समाज ने पुराने रूट पर अतिक्रमण होने के कारण ताजिए का जुलूस नए रूट से निकालने पर सहमति बनाई है इससे हमने एसडीएम को अवगत करा दिया है।

**हकीम खान**
**अध्यक्ष मुस्लिम समाज विजयपुर**

महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से श्योपुर समेत प्रदेश के चार जिलों में चल रहा यह अभियान

# समर कैंप 2026: बच्चों को खेल खेल में कराई जा रही स्कूल जाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की संयुक्त साझेदारी से श्योपुर जिले सहित प्रदेश के चार जिलो भोपाल, रायसेन और टीकमगढ में समर कैम्प 2026 अभियान संचालित किया जा रहा है और इस अभियान के तहत चारो जिलो के 51 हजार परिवार के 80 हजार बच्चों को खेल खेल में स्कूल जाने की तैयारी सिखाई जा रही है।

यह जानकारी प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन राज्य प्रमुख सज्जन सिंह शेखावत ने देते हुए बताया है कि श्योपुर सहित प्रदेश के चारों चयनित जिलो में शुरू किए गए इस कार्यक्रम का उद्देश्य 5 से 6 साल के उन बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करना है, जो इस वर्ष आंगनवाडी से कक्षा 01 में प्रवेश लेने वाले है। यह पहल बच्चो में भाषा, गणितीय समझ, सामाजिक भावनात्मक विकास, संज्ञानात्मक क्षमता, तथा शारीरिक विकास जैसे महत्वपूर्ण कौशलो को विकसित करने पर केन्द्रित है। चारो जिलो में इस कार्यक्रम की शुरूआत 26 मई को आयोजित स्कूल के लिए तैयारी मेले से हो गई है। आंगनवाडी केन्द्र पर आयोजित इन मेलो के दौरान बच्चों और उनके अभिभावको ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा मेले में बच्चों की वर्तमान सीखने की स्थिति का आंकलन किया गया। साथही अभिभावको को समझाया गया कि स्कूल शुरू होने से पहले बच्चो में किन आधारभूत क्षमताओ का विकास आवश्यक है। उन्होने बताया कि इस अभियान के लिए प्रत्येक जिला स्तर सीडीपीओ और सुपरवाइजरों सहित आंगनवाडी कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। इस अभियान के दौरान एक जून से प्रतिदिन बच्चों के लिए सरल,रौचक तथा आयु उपयुक्त गतिविधिया व्हाट्सएप समूहो के माध्यम से लगभग 51 हजार परिवारों तक पहुंचाई जा रही है। इन गतिविधियो में रंगो की पहचान, आकृतियो को समझना, कहानी, सुनाना, गीत और कविताएं गाना, रस्सीकूद, संतुलन बनाना, वस्तुओ की गिनती करना आदि गतिविधिया शामिल है।

### 30 को होगा प्रगति का आंकलन

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के राज्य प्रमुख सज्जन सिंह शेखावत ने बताया कि समर कैम्प के अंतर्गत गतिविधियां 30 जून तक नियमित रूप से संचालित की जाएगी। इसके बाद चारो जिलो में फिर से स्कूल के लिए तैयारी मेले आयोजित किए जाएंगे। जिनमें बच्चों की प्रगति का आंकलन किया जाएगा। इससे यह समझने में सहायता मिलेगी कि एक महीने की इन गतिविधियो ने बच्चो की सीखने की क्षमता और विद्यालया के लिए उनकी तैयारी पर कितना सकारात्मक प्रभाव डाला है।

पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर शुरू की चोरों की तलाश

# कीरपुरा के बाद अब चौंडपुर में चोरों का धावा, जेवर और नकदी समेट ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



चोरो ने कीरपुरा के बाद अब चौंडपुर गांव में धावा बोला है। यहां चोरो ने रात्रि के दौरान एक घर का ताला तोडकर उसके अंदर से करीब पांच तौला सोने के जेवर और 5 हजार रूपए नकदी समेट लिया और भाग निकले। चोरी की इस वारदात का पता परिवार के लोगो को तब चला,जब सुबह उनकी नींद खुली। सूचना मिलने के बाद देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। लेकिन फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं है।

ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम चौंडपुर निवासी रामप्रसाद मीणा पुत्र देवचंद मीणा के घर के लोग रोज की भांति गुरूवार की रात को खाना खाने के बाद छत पर सोने चले गए। रात करीब दो बजे से तडके चार बजे के बीच चोरों ने मौका देखकर घर का ताला तोड दिया और कमरे के अंदर रखे बख्शे के भी चोरों ने ताला तोडकर उसके अंदर से एक सोने का हार, सोने की झूमकी, सोने की चैन, सोने का टिकला, चांदी की तोडिया, 9 चांदी के सिक्के, एक चांदी का छल्ला, एक सोने की नाक की बाली तथा 5 हजार रूपए नकदी निकाल लिए और उन्हें लेकर चंपत हो गए। चोरी की इस वारदात का पता परिवार के लोगो को सुबह तब चला,जब उनकी नींद खुली और उन्हें घर के दरवाजे खुले तथा घर के अंदर रखे बख्शे के ताले टूटने के साथही सामान बिखरा पडा दिखा। इस चोरी की वारदात का पता चलने पर आसपास के लोग उनके घर पर पहुंच गए,सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि रामप्रसाद मीणा की रिपोर्ट पर चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



### कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया

श्योपुर। शुक्रवार को निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में प्राकृतिक खेती के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं रामलखन नापाखेडली, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट एवं अशोक गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, जिला पंचायत कृषि स्थाई समिति के सभापति गिरधारी बैरवा, अध्यक्ष भारतीय किसान संघ नरेन्द्र चौधरी, दिनेश दुबोलिया, गौरीशंकर मीणा, कृषि वैज्ञानिक के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह, डॉ लाखन सिंह गुर्जर, डॉ चन्द्रभान सिंह, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, उप संचालक उद्यानिकी रिशिका त्रिपाठी, कृषि विकास अधिकारी अरूण कुमार शाक्य आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने प्राकृतिक खेती पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसानों को प्राकृतिक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि प्राकृतिक खेती ऐसी खेती जिसमें किसी भी प्रकार का सिन्थेटिक रसायन का प्रयोग नही किया जाता है, केवल देसी गाय के उत्पाद जैसे- गोबर, गौ-मूत्र, दूध, छाछ, घी आदि का प्रयोग निरन्तर करके खेत में ऐसा वातावरण तैयार किया जाता है, जिसमें लाभदायक फंगस, बैक्टीरिया, केचुआ आदि अपने आप वृद्धि कर सके। प्राकृतिक खेती में बाजार से किसी भी प्रकार का खाद व कीटनाशक खरीदने की जरूरत नही है। इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों ने भी अपने अनुभव सांझा किये।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर स्कूली बच्चों को बांटी किताबें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

युवा कांग्रेस के श्योपुर विधानसभा अध्यक्ष भूपेन्द्र आर्य ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का जन्म के उपलक्ष्य में स्कूल में जाकर बच्चों को कॉपी और किताबो का वितरण किया और बच्चो को मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रेरित किया।

## श्योपुर में प्रभारी मंत्री करेंगे राष्ट्रपति की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रस्तावित भ्रमण के दौरान राज्य शासन ने संबंधित स्थानों पर अगवानी एवं विदाई के लिए मंत्रियों को "मिनिस्टर-इन-वेटिंग" नामित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्योपुर में 21 एवं 22 जून को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला को राष्ट्रपति जी की अगवानी एवं विदाई के लिए मिनिस्टर-इन-वेटिंग नामित किया गया है।

### किशोरी से छेड़छाड़,विरोध करने पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर कस्बे में एक नाबालिग किशोरी से नामजद आरोपी ने अश्लील इशारेबाजी करते हुए छेडछाड कर दी। यही नहीं, जब किशोरी का भाई आरोपी के घर पर इस घटना का विरोध दर्ज कराने के लिए पहुंचा, तो वहां मारपीट की घटना हो गई। विजयपुर थाना पुलिस ने इस मामले मे नाबालिग किशोरी की रिपोर्ट पर अरमान खान निवासी किला विजयपुर के खिलाफ मारपीट और पॉस्को एक्ट की धाराओ में केस दर्ज कर लिया है। वहीं अरमान की मां की रिपोर्ट पर किशोरी के भाई के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है।

## कल सांसद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर जिला एवं ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर सामुहिक योग कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में नगरपालिका के शिवपुरी रोड स्थित आडीटोरियम में होगा। स्वस्थ्य जीवन और दीर्घ आयु के लिए योग थीम पर सामुहिक योग का कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से शुरू होगा।

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित संपूर्ण जिले में मुख्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्षो की भांति 21 जून 2026 को 12वे अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए स्वस्थ्य जीवन और दीर्घ आयु के लिए योग थीम निर्धारित की गई है। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, नगरपालिका आडीटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रातः 6 बजे से 7.45 बजे तक मुख्य कार्यक्रम होंगे। प्रातः 06 बजे से प्रातः 6.30 बजे तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा, इसके उपरांत प्रातः 6.30 बजे से 6.45 बजे तक कोलकाता से राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। ततपश्चात प्रातः 6.45 बजे से 7 बजे तक माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण संपन्न होगा।

प्रातः 7 बजे से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास किया जायेगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ वर्मा ने बताया कि योग दिवस के पूर्व विभिन्न संस्थाओं पर योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में शासकीय हाईस्कूल रायपुरा में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी के साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर बगवाज द्वारा योग के प्रति जन जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया।

जिम्मेदारों को कई बार बताई सड़कों की जर्जर स्थिति, फिर भी नहीं खुल रही आंखें

# गड्ढों में बदल गई सड़कें, परेशानी भोग रहे ग्रामीण, आंखें मूंदकर बैठे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर विकासखंड के तुलसेफ और प्रेमसर क्षेत्र की तीन प्रमुख सडके बारिश के दौरान न सिर्फ क्षेत्रीय ग्रामीणों की परेशानी बढाएगी,बल्कि वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का डर भी छोटे वाहन चालको को इन सडकों पर चलने के दौरान सताएगा। यह आशंका इसलिए उत्पन्न हो रही है कि वर्तमान में तीनो सडके जर्जर हाल पहुंचने के साथही पूरी तरह गड्ढो में बदल चुकी है। गड्ढो में बदल चुकी इन सडकों से वर्तमान में गुजर रहे क्षेत्रीय ग्रामीणों को खासी परेशानियां भोगनी पड रही है। लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार विभागीय लोग बेसुध बने हुए है।

विशेष बात यह है कि भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह मीणा सहित अन्य कई क्षेत्रीय ग्रामीण कई बार विभागीय अधिकारियों को इन सडकों की जर्जर स्थिति के बारे में अवगत करा चुके है,मगर इसके बाद भी जिम्मेदारों की आंखे इस तरफ नजर दौडने के लिए नहीं खुल पा रही है। इसको लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों का खासा रोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि जिम्मेदार अफसरों की इसी अनदेखी का खामियाजा बारिश के दौरान इन सडकों पर वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने के रूप में भुगतना पड सकता है।

दरअसल लोक निर्माण विभाग के द्वारा किशोरपुरा से हिरनीखेडा तक तथा ढोटी से किलोरच तक बनाई गई सडक एवं पीएमजीएसवाय विभाग के द्वारा श्योपुर कोटा रोड से खिरनी गांव तक बनाई सडक तुलसेफ और प्रेमसर क्षेत्र की प्रमुख सडके कही जाती है। इन सडकों से होकर डेढ दर्जन से अधिक गांवों के हजारों ग्रामीणों का प्रतिदिन गुजरना होता है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में यह तीनो सडके पूरी तरह उखडकर गड्ढो में बदल गई है। जिसकारण इन सडको से गुजरने वाले ग्रामीणों का सफर काफी कष्टदायक साबित हो रहा है।



### अतिक्रमण ने भी बिगाडी सडकों की सूरत

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह मीणा ने इस मामले की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से करते हुए बताया कि इन सडकों के जल्द खराब होने का एक कारण तो इनका निर्माण घटिया तरीके से होना है। वहीं दूसरा कारण इन सडकों के किनारे हो रहा अतिक्रमण भी है और यह अतिक्रमण उन्ही गांव के सडक किनारे बसे ग्रामीणों के द्वारा किया गया है,जिन गांवों से होकर यह सडके गुजरी है। मीणा ने बताया कि सडक किनारे बसे ग्रामीणों ने सडक किनारे पर अतिक्रमण करके पानी की निकासी का रास्ता बंद कर दिया है। जिसकारण बारिश का पानी सडको पर भर रहता है। इसकारण से भी ये सडके जल्द खराब हो गई है। मगर इसके बाद भी जिम्मेदारों को इन सडको के किनारे पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की फुर्सत नहीं है। जबकि इस बारे में उन्हें कई बार अवगत भी करा दिया गया है।

### सड़क की मरम्मत के नाम पर लीपापोती,उखड़ा पैचवर्क



कुछ समय पहले प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के माध्यम से करीब 4 करोड रूपए की लागत से मठेपुरा से तुलसेफ तक बनी सडक भी जगह जगह से उखडी पडी है। जिसकारण इस सडक से गुजरने वाले ग्रामीणों को खासी परेशानी उठानी पड रही है। हालांकि कुछ दिन पहले ही इस सडक की मरम्मत के नाम पर पैच वर्क कराया गया है,लेकिन पैच वर्क को लेकर सिर्फ लीलापोती ही की गई है। कूंडहवेली सरपंच राजकुमार तथा रामगांवडी सरपंच रणजीत काठौदी ने बताया कि उखडी इस सडक के गड्ढो को भरने के लिए जो पैचवर्क कराया गया है,वह सिर्फ दिखावे के लिए कराया गया है। क्योकि पैचवर्क के पूरे होने के तुरंत बाद सडक फिर से गड्ढो में बदल गई है।

### दिखवाएंगे

यदि सडकों की इस तरह की स्थिति है तो उसे दिखवाते हुए उनमें सुधार किए जाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा।

**रूपेश उपाध्याय**
**अपर कलेक्टर,श्योपुर**

## श्योपुर में रोजगार मेला 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सूक्ष्म लघु एवं मध्यम विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन शासकीय माध्यमिक विद्यालय चंबल कॉलोनी श्योपुर में 25 जून को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीणा ने बताया कि एमएसएमई, रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटेशिप में विभिन्न कंपनियों द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग-अलग स्वरोजगार योजना के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा। इसी क्रम में समस्त महाविद्यालयों एवं आईटीआई संस्थानों में अध्ययनरत, पूर्व पास आउट छात्र, छात्राओं के लिए तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन आजीविका केन्द्रों, जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों के माध्यम से युवा कार्यक्रम में शामिल हो सकते है।

## आज शहर के इन क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लाइन मेंटीनेंस होने के कारण 11 केव्ही बडौदा रोड फीडर से 20 जून को प्रातः 07 बजे से प्रातः 11 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।

प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने बताया कि उक्त कार्य होने से बडौदा रोड, पटेल चौक, पुल दरवाजा, मछली मार्केट, भोई मोहल्ला, रेगर मोहल्ला में 20 जून को प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक विधुत की सप्लाई बंद रहेगी।

## खबर संक्षेप

### जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी छोटू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभिषेक और गजराज कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत यादव कॉलोनी निवासी संतोष अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पुष्पेन्द्र, लोकेश निखिल और गोलू रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर निवासी गिरवल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी सलीम खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कासिब अंसारी, आलिया अंसारी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुरवासा निवासी शिशुपाल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सागर सिंह किरार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी रामकिशन दुवे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रकाश केवट, गुडडी ,संजय और सुनील केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बर्री निवासी विजय सिंह केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शोभाराम और देवेन्द्र सांसी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चमराई निवासी तुलाराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रविन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### सर्प दंश से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम नगेश्री निवासी नन्नी बाई पत्नि धर्मेन्द्र यादव उम्र 40 साल को सर्प ने डस लिया था जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### आंधी के साथ बारिश कई पेड़ उखड़े, बिजली ठप



**पिपरई।** ग्रामीण क्षेत्र पिपरई में वुधवार के दिन काफी उमस ओर गर्मी देखी गई और शाम होते होते तेज आंधी के साथ जोरदार वारिस हुई। जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली और मौसम काफी सुहाना हो गया था। आंधी इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ पौधे तक उखड़ कर हवा में उड़ गए तो बिजली के पोल तक उखड़ गए और बिजली सप्लाई ठप्प रही। ग्राम आरोली निवासी धनपाल ने बताया कि शाम के समय बहुत तेज आंधी के साथ वारिस हुई और कई कच्चे घरों की बरसाती सहित छप्पड़ तक उड़ गए ओर मेरे खेत पर लगे दो पेड़े तक उखड़ गए, भी कई लोगों का काफी नुकसान हुआ हे।वारिस में इतनी तेज आंधी अभी तक नहीं देखी गई।ओर बिजली व्यवस्था भी ठप्प हो गई थी। इस आंधी वारिस से लोगों का काफी नुकसान हुआ। 18 जून फोटो न.16 तेज हवां और आधी से पेड गिरे।

### अनूप शर्मा बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

**अशोकनगर।** बड़ागांव निवासी शिक्षक रमेश शर्मा के सुपुत्र अनूप शर्मा ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट लगन और अद्वितीय प्रतिभा के बल पर देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। अनूप ने अपनी इस शानदार सफलता से न केवल अपने माता-पिता और परिवार का सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि पूरे बड़ागांव क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। एक शिक्षक के घर में शिक्षा के इस सर्वोच्च शिखर को छूकर अनूप ने साबित कर दिया कि मार्गदर्शन और कड़े परिश्रम से मुकाम हासिल किया जा सकता है।

## कृषि विभाग को इस बात की जानकारी नहीं

# दो दिन में हुई वर्षा के बाद कई जगह किसान खेतों में उतरे, बोवनी कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले में खरीफ की फसलों की बोवनी का समय कृषि विभाग के अनुसार 25 जून के बाद तय किया गया है, विभाग को उम्मीद है कि तब तक वर्षा हो चुकी होगी, लेकिन पिछले 2 दिनों में हुई प्री मानसून की वर्षा के बाद कईं इलाकों में किसानों ने बोवनी की शुरूआत कर दी है। लेकिन कृषि विभाग को इस बात की जानकारी नहीं है जिन जिन स्थानों पर पानी गिर गया है वहां किसान बोवनी करने में लग गए हैं।

### प्री मानसून की वर्षा, सीमित इलाकों में

अशोकनगर जिला कृषि प्रधान जिला है यहां दो प्रकार की फसलों की बोवनी साल भर में की जाती है, जिनमें रवि की फसलें और खरीफ की फसलें शामिल हैं,वर्षा काल के मौसम में खरीफ की फसलों की बोवनी की जाती है, जिसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की जरूरत होती है, लेकिन वर्तमान में बादल रोज आ रहे हैं, जा रहे हैं, बूंदाबांदी हो रही है, प्री मानसून की वर्षा के हालात बन रहे हैं, लेकिन इन हालातों के बीच कईं जगह ऐसी भी स्थिति बन रही है कि जो बादल आ रहे हैं वह बरस भी खूब रहे हैं, लेकिन वह स्थिति कुछ इलाकों तक ही सीमित होकर रह जाती है। मानसून का चक्र अभी प्रारंभ नहीं हुआ है।

### जहां वर्षा हुई वहां के किसान बोवनी करने सामने आए

जिन इलाकों में बारिस हो गई है वहां के किसानों ने किसी भी प्रकार के अधिकारियों और कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के बिना बोवनी की शुरूआत कर दी है, यह किसान दो दिन की बर्षा के बाद खेतों में उतर आए हैं, उन्हें अच्छी तरह से पता है कि अगर उन्होंने यदि बोवनी कर दी तो आने वाले दिनों में अच्छी वर्षा होने से उनकी फसल भी समय पर पककर तैयार हो सकेगी। लेकिन जिले में अभी मानसून का समय नहीं आया है, ऐसे में किसानों ने बोवनी की जो शुरूआत की है उन किसानों के अनुसार उन्होंने यह सही कदम उठाया है क्योंकि उनके यहां पर्याप्त मात्रा में पानी गिर गया है। ग्राम खुजराई तहसील पिपरई के किसान पंकज रघुवंशी ने बताया कि उनके यहां वुधवार को अच्छी वर्षा हुई है और मंगलवार को भी अच्छी बर्षा हुई थी जिसके बाद उन्होंने बोवनी करने का निर्णय लिया है। गुरूवार को पंकज रघुवंशी द्वारा पूरे दिन खेतों में बोवनी कराई गई, उनके अनुसार आस पास के खेतों में भी किसानों ने बोवनी शुरू कर दी है। हालांकि इस संबंध में जब कृषि उप संचालक अमित सिंह भदौरिया से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अभी इस तरह की बोवनी की कहीं शुरूआत नहीं हुई है।

### कृषि उपसंचालक ने कहा 25 जून के बाद ही बोवनी करें

कृषि उप संचालक का कहना है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी गिरने के बाद ही फसलों की बोवनी की जाना चाहिए, जिले में बोवनी का समय 25 जून के बाद का है, कम से कम खेतो में 3 इंच पानी बैठ जाना चाहिए, जब तक पानी खेतों में न भर जाए और जमीन में 3 इंची पानी न चला जाए तब तक बोवनी नहीं की जाना चाहिए। कृषि उप संचालक के इस तर्क को देखें तो किसान उनकी सलाह लिए बिना ही अपने कृषि अनुभव के आधार पर बोवनी की शुरूआत कर चुके हैं।

### इस बार भी मक्का का उत्पादन अधिक होगा

अशोकनगर जिले में खरीफ की फसलों की बात करें तो जिले में इस वर्ष भी खरीफ की फंसले 3 लाख 8 हजार हेक्टयर क्षेत्र में बोई जाएगीं। जिनमें सबसे बड़ी फसल के रूप में मक्का की फसल का उत्पादन होना है जिसके लिए 1 लाख 76 हजार हेक्टयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उधर दूसरी ओर मक्का की फसल की बाद सोयाबीन की फसल दूसरे क्रम पर उपजाई जाएगी ,जिसका लक्ष्य 70 हजार हेक्टयर है, जबकि उड़द की फसल 5 हजार हेक्टयर क्षेत्र में, मूगफली की फसल 9 हजार हेक्टयर क्षेत्र में और मूंग 1 हजार हेक्टयर क्षेत्र में उपजाई जाएगी। खरीफ की फसलों में जिले में 2 साल पहले तक किसान सोयाबीन का उत्पादन करता आ रहा था, मध्यप्रदेश में अशोकनगर जिला सोयाबीन उत्पादक जिलों में से एक था, लेकिन उन वर्षों में किसानों को सोयाबीन का पर्याप्त उत्पादन नहीं और दाम भी पर्याप्त नहीं मिले।

## समान नागरिक संहिता विषय पर पर हुई संयुक्त कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शासकीय कन्या महाविद्यालय में समान नागरिक संहिता विषय पर जागरूकता एवं विचार-विमर्श हेतु संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक एडवोकेट निर्मला सप्रे तथा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सोनाली राय, जनभागीदारी समिति के सदस्यगण, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

विधायक निर्मला सप्रे ने समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में महिलाओं को सदैव सम्मान एवं अधिकार प्राप्त रहे हैं तथा समान नागरिक संहिता महिलाओं के अधिकारों एवं सशक्तिकरण को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने कहा कि समान नागरिक संहिता भारतीय संविधान में निहित समानता, न्याय एवं विधि के समक्ष समान अधिकारों की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक समाज में नागरिकों का संवैधानिक प्रावधानों एवं विधिक व्यवस्थाओं के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे संविधान के मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों एवं समकालीन सामाजिक विषयों का गंभीरता से अध्ययन करें तथा एक जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने कहा कि विद्यार्थियों को संविधान एवं नागरिक अधिकारों से संबंधित विषयों की जानकारी होना आवश्यक है तथा ऐसे कार्यक्रम उनमें जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं।

जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सोनाली राय ने देश की एकता, समानता एवं सामाजिक समरसता के लिए समान कानूनों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में शासकीय पीजी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एमएल सोनी, लॉ कॉलेज प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंद्रभान अहिरवार, सत्यजीत सिंह ठाकुर, नवीन चंदेल, डॉ. हरिशंकर सेन एवं श्री शुभम तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों ने विरोध दर्ज कराकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुरूवार को जिला मुख्यालय पर शिक्षकों का जनसैलाब नजर आया। शिक्षक लगातार टीईटी परीक्षा का विरोध कर रहे है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को दो वर्ष के अंदर टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है। शिक्षक इसी का विरोध कर रहे है।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षक संघ द्वारा 18 जून को देश के सभी जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन दिया जा रहा है।संघ का मानना है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी के दायरे से बाहर रखना चाहिए। 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक तत्कालीन नियमों के अधीन शासकीय सेवा में आए थे और लगातार 25 से 30 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके है। एनसीटीई के 2010 और 2017 के अधिनियम पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर लागू नहीं होने चाहिए क्योंकि कोई भी नियम कानून बनने की दिनांक से प्रभावी होता है न कि 30 वर्ष पहले से। यह परीक्षा शिक्षकों के सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रही है। इसके द्वारा समाज में शिक्षकों को अपमान झेलना पड़ रहा है। अधेड़ अवस्था में शिक्षक छात्रों को पढ़ाने की बजाय स्वयं पड़ेगा, यह तर्कसंगत नहीं है। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री,केंद्रीय शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री से मांग की है कि संसद के मानसून सत्र में अध्यादेश लाकर एनसीटीई की अधिसूचना को निरस्त कर 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से विधायी राहत दी जाए। इस अवसर पर संभागीय संगठन मंत्री दिनेश शर्मा गुना,महेश भार्गव,अन्नपूर्णा सिसोदिया मौजूद रहे।

**खास बातें**

- जिसमें प्राथमिक शिक्षकों की 12 वर्षीय,माध्यमिक शिक्षकों की 24 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश जारी करना।
- पुराने शिक्षक संवर्ग के 35 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश जारी करना।
- जिन शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी हो गए,उन्हें बढ़े हुए वेतन का लाभ देने।
- कोष लेखा ग्वालियर से क्रमोन्नत वेतनमान का फिक्सेशन कराने,एरियर भुगतान करने आदि आदि मांगो का ज्ञापन सौंपा गया।



## अनेकों लोगों ने संग्रहालय को देखा और आजादी के इतिहास को जाना समझा

**बीना।** अथक पथ संग्रहालय में आज अनेकों लोगों ने संग्रहालय को देखा एवं आजादी के इतिहास को जाना। आजादी के इतिहास की जीवंत घटनाओं का अवलोकन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने शाल श्रीफल एवं पुस्तिका भेट कर राम शर्मा का सम्मान किया। इस अवसर पर मनोज शर्मा, प्रशांत मिश्रा, प्राचार्य रघुवीर चंदेल, यशस्वी पटेरिया सहित उपस्थित लोगों ने आजादी की घटनाओं का अवलोकन किया और देखा की आजादी सहज में नहीं मिली।

संग्रहालय संचालक राम शर्मा ने संग्रहालय की वर्षगांठ पर बताया कि संग्रहालय में 1857 से लेकर कारगिल युद्ध तक के शहीदों क्रांतिकारियों के दुर्लभ दस्तावेज चित्र एवं उनसे जुड़ी सामग्री है। केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने महाराणा प्रताप से जुड़े दस्तावेजों की एक महत्वपूर्ण पुस्तक भेंट की। इसमें राणा प्रताप की वीरता सहित उनके कार्यों का उल्लेख है। यह पुस्तक अपने आप में एक दस्तावेज है। संग्रहालय में एक विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसका विषय था आजादी कैसे मिली और उसे सुरक्षित कैसे रहे रखें। संजीव मिश्रा ने बताया कि आज की बाल युवा पीढ़ी को महापुरुषों के जीवन चरित्र से परिचय कराना जरूरी है। क्योंकि बच्चे देश का भविष्य होते हैं।

## रेलवे डॉक्टर ने प्लेटफार्म पर कराई डिलीवरी, लड़के को दिया जन्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दादर-गोरखपुर स्पेशल एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हुई। जिसे स्थानीय स्टेशन पर उतारा गया। जहां पर रेलवे डॉक्टर की सहायता से महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। जिन्हें बाद में इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां दोनों स्वस्थ है। जानकारी अनुसार शुक्रवार को 12:05 बजे ट्रेन नंबर 01027 दादर गोरखपुर स्पेशल एक्सप्रेस के बीना स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 पर आगमन पर ड्यूटी स्टाफ आरक्षक भानु प्रताप को जानकारी मिली कि एक महिला यात्री को प्रसव पीड़ा हो रही है। आरक्षक के द्वारा ड्यूटी अधिकारी सहायक उप निरीक्षक हसन खान व महिला आरक्षक जयश्री ठाकुर को तत्काल सूचित कर मौके पर बुलाया गया। इसके साथ ही सहायक उप निरीक्षक हसन खान के द्वारा ऑन ड्यूटी डिप्टी एसएस रमाशंकर गुप्ता व रेलवे डॉक्टर को सूचना दी गई और 33 वर्षीय निवासी संत कबीर नगर गोरखपुर उत्तर प्रदेश को ट्रेन से फार्म नंबर पांच पर उतारा गया। रेलवे महिला डॉक्टर राधिका के आने पर उक्त महिला यात्री किरण की स्थिति को देखते हुए प्लेटफार्म नंबर पांच पर डिलीवरी करने में सहायता प्रदान की गई। उक्त महिला यात्री द्वारा एक लड़के को जन्म दिया गया। बाद महिला यात्री एवं बच्चे को एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा बच्चे एवं मां को दोनों को स्वस्थ होना बताया गया।



**10 की चेकिंग, 3 पर कार्रवाई**

## मॉडिफाइड साइलेंसर पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की



अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं ध्वनि प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष वाहन चेकिंग अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। दिनांक 17 जून 2026 को यातायात प्रभारी निरी0 मनीष सिंह चैहान के नेतृत्व में यातायात स्टाफ सउनि0 इंतेसार अहमद, सउनि0 नारायण बुनकर, आरक्षक गजेन्द्र बघेल, आरक्षक मंगल सिंह कुशवाह एवं आरक्षक धीरज बाथम द्वारा संयुक्त रूप से विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 10 बुलेट मोटरसाइकिलों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान तीन मोटरसाइकिलों में नियम विरुद्ध एवं मॉडिफाइड साइलेंसर लगे पाए गए, जिनमें वाहन क्रमांक एमपी 06 एमबी 2600, एमपी 08 एमएन 0109 ,एमपी 67 एमएफ 3602 भी शामिल है। उक्त वाहनों से अत्यधिक शोर एवं पटाखों जैसी विस्फोटक ध्वनि उत्पन्न होकर आमजन की शांति भंग की जा रही थी तथा गंभीर ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा था। मोटर वाहन नियमों का उल्लंघन पर चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 3000 (प्रति वाहन 1000) समन शुल्क अधिरोपित किया।

## जिले में आज भी किसान शासन के संसाधनों पर कम निर्भर

# जल संसाधन विभाग ने 10 छोटी सिंचाई योजनाएं तैयार की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में किसानों द्वारा की जाने वाली खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी के संसाधन नहीं हैं, शासन स्तर पर संसाधन नहीं होने के कारण किसान स्वयं संसाधन विकसित कर खेती करने में लगे हैं। जल संग्रहण अभियान के अंतर्गत छोटी छोटी जल संरचनाएं बनाने पर विचार तो हुआ लेकिन कोई काम नहीं हुआ। अगर नदियों में आने वाले पानी को रोकने के संसाधन विकसित किए जाएं तो किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता हो सकती है।

जिले के चंदेरी क्षेत्र में किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु जल संसाधन विभाग, अशोकनगर संभाग द्वारा कुल 10 छोटी सिंचाई योजनाएं प्रस्तावित की गइ थीं। इन योजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 40-45 करोड़ रुपये है, जो लगभग 2,000$ हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षेत्र प्रदान कर सकती हैं। वह योजनाएं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के हर खेत को पानी एवं किसानों की आय दो गुनी करने के राष्ट्रीय लक्ष्य से सीधे जुड़ी हुई हैं।





### जल संसाधन मंत्री सिंधिया के सबसे करीबी हैं

ज्ञात हो कि अशोकनगर जिला केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के राजनैतिक प्रभाव का जिला है और वर्तमान में मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट हैं। ऐसी स्थिति में जिले में सिंधिया से लेकर तुलसी सिलावट तक प्रयास किए जाएं तो अशोकनगर जिला कृषि सिंचाई के मामले में प्रदेश में अग्रणी जिला बन सकता है। लेकिन इस तरह के प्रयास राजनैतिक स्तर पर प्रभावी नहीं होने से योजनाएं लंबित पड़ी हैं, ऐसी ही योजनाएं अशोकनगर और मुंगावली विधानसभा क्षेत्र में भी बनाई गई हैं।

### पहली 3 योजनाओं की स्वीकृति 7 का इंतजार

पहली तीन योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा डीपीआर तैयार कर उच्च कार्यालय को प्रेषित किया गया है, लेकिन स्वीकृति एवं बजट में विलंब है। शेष सात योजनाएं स्वीकृति हेतु पोर्टल पर दर्ज हैं, सर्वेक्षण हो चुका है, फिर भी प्रक्रिया में वर्षों से देरी बनी हुई है। इस विलंब के कारण क्षेत्र के हजारों किसानों की रबी एवं

### इनका कहना है

लघु सिंचाई योजनाओं को लेकर जो प्रस्ताव शासन को भेजे गए थे, उन 10 प्रस्तावों मं से 3 की स्वीकृति मिल चुकी है, जिनकी डीपीआर भी तैयार हो चुकी है। शेष 7 योजनाएं पोर्टल पर दर्ज हैं इनका सर्वेक्षण कराया जाएगा।

**अशोक अहिरवार** कार्य पालन यंत्री जल संसाधन विभाग

**खास बातें**

- अखाई घाट वैराज लागत 630 लाख रूपए, सिंचाई क्षमता 375 हेक्टेयर,
- ढुंगासरा स्टॉप डेम लागत 285 लाख, सिंचाई क्षमता 185 हेक्टेयर
- देपराई वियर लागत 200 लाख, सिंचाई क्षमता 190 हेक्टेयर
- घटावदा स्टॉप डेम कम कॉजवे अनुमानित 366 लाख (2018 से पोर्टल पर दर्ज)
- अमरोद सिंगराना स्टॉप डेम कम कॉजवे अनुमानित 291.75 लाख
- महोली स्टॉप डेम अनुमानित 290 लाख(2024 से पोर्टल पर दर्ज)
- करोदी स्टॉप डेम अनुमानित 225 लाख(2025 से पोर्टल पर दर्ज)
- बेरखेडी स्टॉप डेम अनुमानित 590 लाख(2025 से पोर्टल पर दर्ज)
- पिपरौल स्टॉप डेम अनुमानित 300 लाख(2025 से पोर्टल पर दर्ज)
- शंकरपुर लघु तालाब अनुमानित 850लाख (2025 से पोर्टल पर दर्ज)